
# समग्र शिक्षा उत्तराखंड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विट्ज़रलैंड के मध्य किया गया समझौता ज्ञापन

## चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सचिवालय में समग्र शिक्षा उत्तराखंड और स्विस एजुकेशन ग्रुप, स्विट्ज़रलैंड के मध्य समझौता ज्ञापन किया गया।

## प्रमुख बिंदु

- उत्तराखंड में 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान के लिये राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा बंशीधर तिवारी एवं स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हरिज आर्टनियिन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य में विद्यार्थियों के लिये व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाने में भी सहयोग दिया जाएगा।
- स्विस एजुकेशन ग्रुप की फैकल्टी द्वारा स्कूली बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्विट्जरलैंड में भी स्विस एजुकेशन ग्रुप द्वारा राज्य के स्कूली बच्चों को इन क्षेत्रों में एक-एक माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
- यह समझौता आने वाले समय में राज्य में 9वीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के तहत पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में बेहतर प्रशिक्षण के लिये मील का पत्थर साबित होगा।
- विदित है कि राज्य में इन दोनों क्षेत्रों में रोज़गार की काफी संभावनाएँ हैं। इन क्षेत्रों में प्रशिक्षण से दक्षता हासिल करने के पश्चात् विद्यार्थियों को रोज़गार के अनेक अवसर मिलेंगे। इसीलिये राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।
- धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के साथ ही ईको टूरिज़्म, वैलनेस को बढ़ावा देने के लिये अनेक कार्य किये जा रहे हैं। हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में भी राज्य को काफी प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। इस क्षेत्र में भी आने वाले समय में राज्य में अनेक संभावनाएँ हैं।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-signed-between-samagra-shiksha-uttarakhand-and-swiss-education-group,-switzerland